## न्यूज डायरी

### अमेरिका के सैन्य अभ्यास के बाद उत्तर कोरिया ने दी नए शीत युद्ध की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कोई भी 'खतरनाक और असामान्य सैन्य कदम' कोरियाई प्रायद्वीप पर एक नया शीत युद्ध शुरू कर सकता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'अमेरिका ने संयुक्त रूप से किए गए सैन्य अभ्यास के बाद दक्षिण कोरिया को एफ–35ए 'स्टील्थ फाइटर्स' दिए, जो एक अत्याधुनिक घातक उपकरण हैं।' उन्होंने कहा, 'यह अधिनियम एक गंभीर उकसावे की कार्रवाई है, जिसने कोरियाई प्रायद्वीप पर दोनों पक्षों के बीच संयुक्त घोषणाओं और सैन्य समझौते का खुले तौर पर खंडन किया है।'' प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका–दक्षिण कोरिया संयुक्त सैन्य अभ्यास और दक्षिण कोरिया में सशस्त्र बलों के निर्माण सहित शत्रुतापूर्ण सैन्य कदम, कोरियाई प्रायद्वीप पर स्थायी और टिकाऊ शांति के निर्माण के लिए बातचीत की गतिशीलता को कम कर रहे हैं।

### नवंबर में करतारपुर कॉरिडोर खोलने के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कहा है कि कश्मीर मामले में तनाव के बढ़ने के बावजूद वह भारत की सीमा से लगे करतारपुर गलियारे को इस साल नवंबर में खोलने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सीमावर्ती गलियारे से सिख श्रद्धालु बिना वीजा के पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब मत्था टेकने जा सकेंगे। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता डॉ. मोहम्मद फैसल ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बाबा गुरु नानक जी की 550वीं जयंती पर करतारपुर कॉरिडोर को खोलने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अमेरिका के साथ 'वार्ता व्यर्थ है': ईरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। अमेरिका के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के साथ "वार्ता व्यर्थ है" क्योंकि विश्व शक्तियों के साथ तेहरान का परमाणु समझौता और कमजोर होगा। रूहानी ने सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली बावर–373 के अनावरण के दौरान अपने भाषण में यह बात कही। उन्होंने इस मिसाइल प्रणाली को रूस की एस–300 का उन्नत रूप बताया। रूहानी ने टेलीविजन पर दिए भाषण में कहा, "अब जबकि हमारे दुश्मन तर्क स्वीकार नहीं करते तो हम भी तर्क के साथ जवाब नहीं दे सकते।'



### रूस ने अंतरिक्ष में भेजा इंसान जैसा दिखने वाला रोबोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस ने गुरुवार को एक मानवरहित रॉकेट अंतरिक्ष में भेजा जो अपने साथ मानव जैसा दिखने वाला एक आदमकद रोबोट लेकर गया है। 'फेडोर' नाम का यह रोबोट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद करने के लिए 10 दिन का प्रशिक्षण लेगा। रूस द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया यह पहला रोबोट है। 'सोयूज एमएस–14' अंतरिक्ष यान के जरिए 'फेडोर' रूस के समयानुसार सुबह छह बजकर 38 मिनट पर कजाकिस्तान स्थित बैकनूर प्रक्षेपण केंद्र से रवाना हुआ। 'सोयूज' शनिवार को अंतरिक्ष केंद्र पहुंचेगा और सात सितंबर तक वहां रहेगा। इस तरह की यात्राओं पर 'सोयूज' यान आम तौर पर अपने साथ किसी मानव को लेकर जाते हैं, लेकिन गुरुवार को इसके साथ कोई मानव नहीं गया है। यान की पायलट सीट पर किसी अंतरिक्ष यात्री की जगह 'फेडोर' को बैठाया गया। उसके एक हाथ में रूस का छोटा सा झंडा था। रोबोट यह कहते सुना गया, 'चलो चलते हैं, चलो चलते हैं'। यह अंतरिक्ष में जाने वाले पहले यात्री यूरी गागिरन द्वारा कहे गए वाक्य को दोहरा रहा था।

# भारत से बातचीत का सवाल ही नहीं उठता

**बौखलाहट**

## पाक पीएम ने एक बार फिर कश्मीर को लेकर झूठे आरोप लगाए

■न्यू यॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, शांति की कोशिशों को तुष्टिकरण समझा गया

■पाकिस्तान के झूठे दावों को भारत कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंचों से लगातार खारिज करता रहा है



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने न्यू यॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में भारत के खिलाफ जमकर आग उगली। उन्होंने कश्मीर से आर्टिकल 370 समाप्त किए जाने का हवाला देते हुए कहा कि अब भारत से बातचीत के लिए कुछ बचा नहीं हैं। अमेरिका समेत पूरे विश्व से जब पाकिस्तान पर दबाव बन रहा है, ऐसे वक्त में पाक पीएम ने सख्त तेवर दिखाए हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय मीडिया को पाक पीएम ने इंटरव्यू दिया है।

**न्यू यहर्क टाइम्स को इमरान खान ने दिया इंटरव्यू:** इमरान खान ने न्यू यॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा, भारत के साथ बातचीत का कोई फायदा नहीं है। उनके साथ बातचीत के लिए मैं सब कुछ कर चुका हूं। अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो लगता है कि जब मैं वार्ता और शांति की कोशिश कर रहा था तो उन्होंने इसे तुष्टिकरण की कोशिश के तौर पर लिया। अब बातचीत का प्रश्न ही नहीं उठता है, इसके लिए कुछ नहीं बचा है।

**पाक पीएम का दावा, कश्मीर में लोगों का जीवन खतरे में:** कश्मीर में खराब हालात होने का दावा करते हुए पाक पीएम ने कहा कि भारत सरकार कश्मीर में एक पूरे समुदाय को खत्म करने पर आमदा है। उन्होंने भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, कश्मीर के लिए हम इससे ज्यादा कुछ और नहीं कर सकते हैं।

कश्मीर को पूरी तरह से बाकी दुनिया से अलग–थलग कर दिया गया। है। पीओके में 4000 से अधिक लोगों को बंधक बनाने की सूचना हमारे पास है। कश्मीर में रहनेवाले करीब 80 लाख लोगों का जीवन खतरे में है।

**पाक पीएम ने फिर अलापा परमाणु संपन्न राष्ट्र का राग:** इमरान खान ने यह भी आरोप लगाया कि भारत सरकार कश्मीर में नरसंहार जैसा कुछ कर सकती है और एक पूरी नस्ल को बर्बाद करने की साजिश चल रही है।

उन्होंने कहा, भारत ऐसे वक्त में अपने ऐक्शन को सही ठहराने के लिए कश्मीर में ऑपरेशन चला सकता है। ऐसी परिस्थिति में दो परमाणु हथियार संपन्न देश एक–दूसरे को आंखें तरेरेंगे। 2 परमाणु संपन्न देशों के बीच ऐसे हालात पू विश्व के लिए ही ठीक नहीं हैं।

**पाक के झूठ को भारत कर चुका है कई बार बेनकाबः** बता दें कि पाकिस्तान के इन दावों को भारत हमेशा ही मजबूती से नकारता आया है। सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत मजबूती से कहता रहा है कि कश्मीर द्विपक्षीय मुद्दा है।

ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, बांग्लादेश समेत विश्व के कई अन्य देशों ने भी कश्मीर को द्विपक्षीय मुद्दा करार दिया।

## भारत और अन्य देश भी अफगानिस्तान में आतंक के खिलाफ लड़े लड़ाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत, ईरान, रूस और तुर्की जैसे देशों को एक समय पर अफगानिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी। यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार को कही। ट्रंप ने कहा कि सिर्फ अमेरिका 7000 मील की दूरी से यहां आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य देश अफगानिस्तान में आतंक के खिलाफ बेहद कम प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा, इन सब देशों को वहां आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़नी ही होगी, क्योंकि क्या हम वहां एक और 19 साल के लिए रहने वाले हैं? मुझे ऐसा नहीं लगता है। तो एक समय पर दूसरे देशों को इसके लिए आगे आना होगा। जैसे रूस, ईरान, तुर्की, इराक, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत।

ट्रंप का यह बयान ऐसे मौके पर आया जब उन्होंने एक दिन पहले ही कहा था कि अमेरिकी फौज पूरी तरह से अफगानिस्तान से बाहर नहीं होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने वहां कोई जरूर होगाश जो यह सुनिश्चित करेगा कि तालिबान के हाथों में सत्ता ना आ जाए।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आतंकियों से 7000 मील दूर होने के बाद भी लड़ाई लड़ रहा है, जबकि भारत और पाकिस्ताप पड़ोसी होने के बाद भी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।




### चीन में भूस्खलन–बाढ़ में 9 की मौत, 35 लापता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन के स्वायत्त दक्षिण पश्चिमी सिचुआन प्रांत में भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं जिनमें 9 लोगों की मौत हो गई और 35 व्यक्ति अब तक लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक 33 वर्षीय एक अग्निशमन कर्मी की भी मौत अचानक आई बाढ़ की वजह से हुई। अग्निशमन दल भूस्खलन से प्रभावित लोगों की मदद के लिए गया था। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सिचुआन दमकल एवं बचाव अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि एक अन्य अग्निशमन कर्मी का आपात इलाज चल रहा है।

## अमेरिका की नई मिसाइल धमकी का जवाब देगा रूसः पुतिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■अमेरिका ने हाल ही में एक नई मिसाइल का परीक्षण किया



अमेरिका की नई मिसाइल धमकी का जवाब देगा रूसः पुतिन हेलसिंकी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अमेरिका के हालिया कदम से देश के लिए नए खतरे पैदा हो गए हैं और वह मॉस्को में इसको लेकर जवाब देंगे। अमेरिका ने हाल ही में एक नई मिसाइल का परीक्षण किया है।

एफे न्यूज के अनुसार, फिनिश राष्ट्रपति साउली निनिस्टो के साथ बुधवार को एक जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, पुतिन ने कहा कि 1987 के इंटरमीडियट–रेंज न्यूक्लियर फोर्स (आईएनएफ) संधि को औपचारिक रूप से त्यागने के तीन सप्ताह से भी कम समय के भीतर अमेरिका ने नए हथियार का परीक्षण कर रूसी सरकार को निराश किया है।

पुतिन ने कहा, 'संधि को छोड़ने के तुरंत बाद ही अमेरिका ने सी–लॉन्च मिसाइल का परीक्षण किया। इसका सीधा मतलब है कि अमेरिका इस कदम को लेकर पहले से ही तैयारी कर रहा था।' पुतिन ने कहा, 'रूस के लिए अमेरिकी परीक्षण नए खतरों के उभरने का संकेत देता है, जिस पर हम अपने हिसाब से जवाब देंगे।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रूस की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आईएनएफ संधि के तहत, अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ ने 500–5,471 किलोमीटर की सीमा के साथ भूमि आधारित मिसाइलों के निर्माण और तैनाती से इनकार करने के लिए सहमति व्यक्त की थी। इस कदम से शॉर्ट नोटिस पर दोनों देशों के लिए परमाणु हमले शुरू करना बहुत मुश्किल हो गया था।

### पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद पर लंदन में चले अंडे और घूंसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। अपने विवादित बयानों के कारण अकसर चर्चा में रहने वाले पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद को लंदन में घूंसे मारे गए और उन पर अंडे फेंके गए। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख और रेल मंत्री शेख रशीद पर उस समय हमला किया गया जब वह लंदन के एक होटल में एक पुरस्कार समारोह में भाग लेकर निकल रहे थे। उन पर हमला करने वाले मौके से फरार हो गए।

बुधवार को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) से संबद्ध पीपुल्स यूथ ऑर्गनाइजेशन यूरोप के अध्यक्ष आसिफ अली खान और पार्टी की ग्रेटर लंदन महिला शाखा की अध्यक्ष समाह नाज ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि रशीद ने पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया था जिसके विरोध में उन्होंने यह कदम उठाया। उन्होंने रशीद पर केवल अंडा फेंकने की बात अपने बयान में कही।